तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 नवरात्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



## खबर संक्षेप

### गरबा महोत्सव में नूडल्स का वितरण



**बैकुण्ठपुर।** नवरात्र के पावन अवसर पर रामानुज हाईस्कूल ग्राउंड बैकुंठपुर में यूनिटी सोशल वेल्फेयर सोसाइटी के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गरबा कार्यक्रम के अंतिम दिवस नरेन्द्र कमर्शियल के सौजन्य से निःशुल्क आरएल मसाले एवं नूडल्स का वितरण किया गया। इस दौरान नरेन्द्र कमर्शियल की प्रोप्राइटर श्रीमती रेनु सिंह ने अपने सेल्स टीम के साथ हजारों की मात्रा में आरएल मसाले एवं यम्मी नूडल्स का वितरण कर नवरात्रि एवं दशहरा की शुभकामनाएं दीं गई। इस दौरान एमडीएच मसाले के एएसएम राजीव लाद, सीनियर एसओ पंकज मंडल, एसओ प्रशांत कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### नवरात्रि पर मेला प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम



**बिजुरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संपूर्ण मप्र में महिला सुरक्षा को लेकर मैं हूं अभिमन्यु 3 जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेंज शहडोल सविता सोहाने द्वारा बिजुरी नगर के मेला प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए डीआईजी शहडोल रेन्ज सुश्री सविता सोहाने द्वारा महिलाओं के प्रति सहयोग, सम्मान एवं समानता लाए जाने के लिए चलाए जा रहे मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

## पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आज नवमी

# दुर्गाष्टमी पर माता को चढ़ाया गया 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दोपहर तक महाष्टमी होने के कारण मंगलवार को पूजा पंडालों में माता के महागौरी रूप की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर माता को 56 भोग चढ़ाए गए। शहर में लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक पूजा पंडालों में स्थापना की गई है, सभी जगहों पर महाष्टमी के अवसर पर 108 दीपकों के साथ महाआरती की गई और 56 भोग प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के कचहरीपारा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा-अर्चना एवं महाआरती में श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ रही। कई पूजा पंडालों में महाआरती पश्चात भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कई पूजा पंडालों में अष्टमी तिथि को कन्या पूजन का आयोजन कराया गया। कन्याओं को देवी का रूप माना गया है, ऐसे में कन्याओं के पूजन के बिना मां की पूजा भी अधूरी रहती है, इसी मान्यता को लेकर कन्या पूजन किया जाता है और उन्हें विभिन्न तरह के भोग प्रदान किया जाता है।



माता को चढ़ाया छप्पन भोग।



आरती में मौजूद श्रद्धालु।

### रमदईया धाम से आए ज्वारे का स्वागत



**बैकुंठपुर।** नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर मंगलवार को रमदईया धाम से निकले पावन ज्वारे का बैकुंठपुर में पारंपरिक और भव्य स्वागत किया गया। कुमार चौक पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं की काफी संख्या ने पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ ज्वारे का अभिनंदन किया। ज्वारे के स्वागत के लिए सुबह से ही क्षेत्रवासियों में उत्साह देखने को मिला। जैसे ही जुलूस कुमार चौक पहुंचा, पूरा वातावरण जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर और फूल अर्पित कर माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर महिला मंडल, युवा वर्ग और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं और भक्ति गीतों की गूंज से चौक का माहौल अत्यंत श्रद्धामय और उत्सवमय बन गया। रमदईया धाम से आने वाले ज्वारे प्रतिवर्ष नवरात्र में विशेष धार्मिक आस्था का प्रतीक माने जाते हैं।



### चैतन्य देवियों की झांकी में उमड़ी भीड़

**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिन का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्जवलन के अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जायसवाल, ठेकेदार अशोक चौदहा, पार्षद श्रीमती ललिता, संस्था की संचालिका रेखा दीदी एवं सुनीता दीदी उपस्थित रहीं। श्री जायसवाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अत्यंत सुंदर एवं आकर्षक चैतन्य देवियों की झांकी तैयार की गई है। यह शहरवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें ऐसी दिव्य झांकी का दर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है, इसके लिए हम बहनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। वहीं अशोक चौधहा ने झांकी की सराहना करते हुए कहा कि 35 वर्षों में पहली बार मैंने इतनी भव्य और जीवंत झांकी देखी है। संस्था की संचालिका बीके रेखा दीदी ने नवरात्रि पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारे अंतःकरण में छिपे सभी नकारात्मक संस्कारों और असुर प्रवृत्तियों के संहार का प्रतीक है। यह चैतन्य झांकी 1 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायं 6:30 से रात्रि 10 बजे तक दर्शन के लिए खुली रहेगी।

### देवी स्थलों में हवन-पूजन व कन्या भोज



**सोनहत।** वनांचल सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में स्थित दुर्गा पूजन स्थलों पर महाअष्टमी के पावन अवसर पर दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता देवी दर्शन और पूजन स्थलों पर लगा रहा। मुख्यालय फारेस्ट कॉलोनी और महादेव चौक स्थित देवी पंडालों में सुबह से ही पूजन, आरती, हवन और जप जैसे धार्मिक कार्यक्रम पुरोहितों के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से माता रानी की पूजा-अर्चना में भाग लिया। विशेष रूप से सुबह 11 बजे से पूजन स्थलों पर कन्या भोज के आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी। काफी संख्या में लोग कन्याओं को भोजन कराकर पुण्य लाभ अर्जित करते रहे। मुख्यालय के अलावा केशगवां, घुघरा और कटगोड़ी स्थित देवी पंडालों में भी दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु हवन-पूजन, कन्या भोज और भंडारे के आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल होते रहे। अष्टमी के शुभ अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और पारंपरिक धार्मिक वातावरण का विशेष रंग देखने को मिला।



# रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भी रावण दहन किया जाएगा।

कोरिया सर्व विकास समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरिया सर्व विकास समिति, श्री राधे सोशल वेलफेयर एवं सार्वजनिक विजयादशमी उत्सव समिति बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वाधान में 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे से रामानुज हाईस्कूल बैकुंठपुर में विजयादशमी के अवसर रावण दहन किया जाएगा। विजयादशमी के अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष दशहरा का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दशहरा के दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर युद्ध में जीत हासिल की थी। इस पर्व को असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े, विधायक रेणुका सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, विशिष्ट अतिथि कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे, एसईसीएल महाप्रबंधक बीएन झा, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित सामाजिक वरिष्ठजन शामिल होंगे। आयोजक समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय जनता और मीडिया प्रतिनिधियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने का अपील किया है।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की पहली बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में आयोजित जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र टीआर कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में समिति के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, इनमें जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा, वनमंडल अधिकारी, कार्यपालन यंत्री राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप संचालक कृषि विभाग, श्रम पदाधिकारी, जिला खनिज अधिकारी एवं सहायक संचालक नगर ग्राम तथा निवेश मनेन्द्रगढ़ शामिल रहे। बैठक की शुरूआत समिति के अध्यक्ष कलेक्टर के निर्देश से की गई।



## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया स्वस्थ माँ दिवस



**सोनगरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर के निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी प्रतापपुर डॉ अजीत कुमार दीवान के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य मां दिवस अंतर्गत संस्था में आए सभी शिशुवती, गर्भवती, वृद्ध महिलाओं व किशोरियों का स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही महिला स्वास्थ्य के प्रति सलाह व जानकारी दिया गया। संस्था में आए वृद्ध महिलाओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रभारी मीना राजवाड़े, नेत्र सहायक अधिकारी अमित कुमार सोनी, श्याम राजवाड़े, प्रियंका वर्मा,जयंती तिर्की, सोनिया चौधरी, एमडी राजा, शांति गुप्ता उपस्थित रहे।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत महादेवपुर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**रामानुजगंज।** दीन हीन सेवा समिति एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम महादेवपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र के लिए स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनजागरूकता स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम रहे। उन्होंने समिति के समाजसेवी प्रयासों की सराहना करते हुए उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता अपनाने, बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व को प्रेरणादायी बताया। दीन हीन सेवा समिति की संचालक श्रीमती मनीषा सिंह लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवा कार्य कर रही हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला उत्थान, नशा मुक्ति एवं सामाजिक प्रकल्पों को लेकर सक्रिय हैं। शिविर में सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह, सीईओ जनपद रणवीर साय, डीपीएम एनएचएम स्मृति एक्का, बीएमओ डॉ. महेश गुप्ता, बीपीएम गुलाब डहरिया, कुश गुप्ता, मनोज गुप्ता ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला पंचायत सभापति मुंशीराम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य राजकुमार पुसाम,सरपंच हरिहर कृपाल कुशवाहा, पुष्पकांत यादव, जितेंद्र यादव, पिंटू रहमान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का किया गया सम्मान



**सूरजपुर।** रविवार को स्नेह संबंल वृद्धा आश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं अन्य सामग्री प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 10 वरिष्ठ पुरुष एवं 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वृद्धजनों को समाज का अनुभव-संपन्न धरोहर बताते हुए उनके जीवन संघर्ष और योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### शराब पीकर ड्यूटी करने वाला आरक्षक निलंबित

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अनुशासनहीनता, उदासीनता व स्वेच्छाचारी आचरण को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरक्षक को निलंबित कर दिया है। 29 सितंबर को पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक विकास तिग्गा ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में मिला। जिस पर रक्षित निरीक्षक द्वारा आरक्षक का डॉक्टरी मुलाहिजा जिला चिकित्सालय में कराया। आरक्षक के मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का पीना पाया गया। रक्षित निरीक्षक द्वारा इस बावत प्रतिवेदन एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर को भेजा। जिस उन्होंने तत्काल प्रभाव से आरक्षक विकास तिग्गा को निलंबित कर रक्षित केन्द्र सम्बद्ध कर दिया है। एसएसपी ने कड़ी चेतावनी दी है कि विभाग में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी वहीं उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### दुकान के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** मठपारा निवासी राजेन्द्र बहेलिया आ. बिन्दे बहेलिया (35 वर्ष) 27 सितंबर की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 6353 से अस्पताल रोड स्थित दुकान में किराना सामान लेने गया था। युवक बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर सामान लेने चला गया और वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में शामिल हुए महिला व युवा

# गरबा-डांडिया कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब देर रात तक गीतों पर झूमते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- नगर में भक्तिभाव से किया जा रहा पूजा-अर्चना

नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष प्रतापपुर में आयोजित गरबा महोत्सव ऐतिहासिक बन गया। मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा आयोजित गरबा – डांडिया कार्यक्रम में जिस तरह का उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली, वह प्रतापपुर के लिए यादगार बन गया। स्टेडियम ग्राउंड में नगर सहित आसपास क्षेत्र से लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक गरबा नृत्य की धुनों पर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं और युवाओं ने जब डांडिया की ताल पर मां अम्बे की स्तुति में कदमताल किया तो पूरा मैदान भक्तिमय हो उठा। नृत्य व संगीत की तालमेल ने वातावरण को मनमोहक बना दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया।



गरबा नृत्य में शामिल महिलाएं व युवती।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतापपुर में नवरात्रि पर्व को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य लोगों को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता से जोड़ना है। गरबा-डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्य लोगों को अपनी संस्कृति की ओर आकर्षित करते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। इधर प्रतापपुर नगर के बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पंडाल में भी सुबह और शाम आरती के समय श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन-कीर्तन और मां के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। प्रतिदिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस बार नवरात्रि का आयोजन प्रतापपुर के इतिहास में सबसे भव्य और आकर्षक साबित हुआ है। सामाजिक सहयोग और नगर की एकजुटता ने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। इस दौरान आयोजन समिति में प्रमुख राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जायसवाल, अनमोल शर्मा, मुकेश तायल, कमलेश गुप्ता, संजय जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अंकित जायसवाल, अमित सोनी, सोनू कश्यप, बुली अग्रवाल, सीबू सिंह, समलेश गुप्ता, सूर्या जायसवाल, अजय, काजू कश्यप, मनीष तायल, शेखर शर्मा, सोनू रजक, शुभम कश्यप, रूपम मित्तल, अरमान शर्मा, अंकित रजक, गोलू जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।



## नगर में भक्तिभाव से मनाया जा रहा शारदीय नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- निकाली गई कलश यात्रा

बलरामपुर जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की धूम है। जिला मुख्यालय में लगभग विभिन्न चौक चौराहा में आधा दर्शन से ऊपर दुर्गा पंडाल स्थापित की गई है वही मुख्यालय के समीप आसपास के ग्रामों में भी विभिन्न चौक चौराहा पर गली मोहल्ले में दुर्गा पंडाल स्थापना की गई है और मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जा रही है।

शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन सभी पंडाल में दुर्गा मां के पाठ खुले और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई। लोगों ने चनान और सिन्दूर नदी से जल उठाया और नगर भ्रमण कर पंडाल तक पहुंचे। इसके साथ ही पंडालों में सप्तमी तिथि को विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही दुर्गा पंडाल के विभिन्न समितियां के द्वारा प्रत्येक पंडाल पर बृहद भंडारे प्रसाद का भी आयोजन किया गया है जिससे लोग बढ़ चढ़कर के ग्रहण कर रहे हैं। विभिन्न समितियां द्वारा गरबा डांडिया नृत्य, अखंड रामायण पाठ, बड़े पर्दे पर रामायण आदि का प्रदर्शन के अलावा कई जगह पर आर्केस्ट्रा नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है। पंडित जितेंद्र तिवारी ने बताया कि इस बार नवरात्रि में चतुर्थी तिथि 2 दिन होने के कारण लोगों को एक दिन अतिरिक्त मां दुर्गा के पूजन का अवसर मिला है इसलिए इस बार नवरात्र पूरे 10 दिन का है। मंगलवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाएगी साथ ही दोपहर 1.45 पर संधि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 1 अक्टूबर को महानवमी की पूजन और हवन के साथ हि मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा संपन्न होगी। 2 अक्टूबर को दोपहर से पहले मुहूर्त अनुसार मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न की जाएगी और दशहरा पूजन संपन्न होगा।

## डांस कुसमी डांस के तहत विजेता प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**कुसमी।** नगर पंचायत अंतर्गत वर्ष 1961 से स्थापित किए गए दुर्गा पूजा समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से क्षेत्र के प्रतिभागी बालक,बालिकाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कला को निखारने हेतु डांस कुसमी डांस सीजन 8 का आयोजन किया गया है।



इस वर्ष डांस कुसमी डांस सीजन 8 में सीनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार सांसद चिंतामणि महाराज, द्वारा एवं जूनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ की राशि का पुरस्कार सामरी विधायक उद्धेश्वरी द्वारा तथा सीनियर ग्रुप में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 7 हजार 1 सौ, 5 हजार 1 सौ एवं 3 हजार 1 सौ की राशि जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज द्वारा दिया जा रहा है। वही जूनियर सोलो में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अशोक सोनी जनपद उपाध्यक्ष द्वारा 7 हजार 1 सौ , 5 हजार 1 सौ, 3 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार देने के साथ साथ इनके डांस गुरु कोरियोग्राफर को प्रथम , द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, लक्ष्मण सिंह पैकरा विधायक प्रतिनिधि, अमर गुप्ता पुरस्कृत किया जा रहा है। इस वर्ष में डीकेडी के प्रतिभागी नगर पंचायत एवं विकासखंड के अलग अलग ग्राम पंचायत के साथ सूरजपुर, प्रतापपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर के प्रतिभागी बच्चे बढ़ चढ़ कर भाग लिए है। इस वर्ष इस पूरे कार्यक्रम में कुल 60 कार्यक्रम हेतु 109 प्रतिभागी बच्चे भाग लिए है। डीकेडी सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में उड़ीसा के 2 लोगों को बुलाया गया है। वही एक कुसमी की महिला प्रीति साय निर्णायक के रूप में भूमिका निभा रहे हैं। डांस कुसमी डांस कार्यक्रम को सभी लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। इस वर्ष नगर पंचायत में 4 जगह पर भव्य रूप से दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम मनाया जा रहा है। कुसमी में मां दुर्गा पूजा समिति दुर्गा चौक, मां समलेश्वरी पूजा समिति सब्जी मंडी, मां शीतला मंदिर, मां भवानी पूजा समिति सामरी रोड, ग्राम पंचायत सबाग, ग्राम पंचायत कमलापुर सहित पूरे विकास खंड में अन्य जगहों पर बड़े ही धूम धाम से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। दुर्गा पंडाल दुर्गा चौक में काफी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग रात्रि 7 से 12 बजे रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा रहे है।

### करमा प्रतियोगिता में रामेश्वरम की टीम बनी विजेता

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत गेतरा में सामूहिक करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर दराज क्षेत्र से करमा नृत्य दल ने भाग लेकर मनमोहक प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत गेतरा में रविवार को सरगुजा के पारंपरिक नृत्य करमा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक नर्तक दल शामिल हुए। सती साजन करमा दल रामेश्वरम ने पहला स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय अन्नपूर्णा एवं गंगोटी के टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। कमेटी द्वारा प्रथम पुरस्कार 6 हजार एक सौ रुपए, द्वितीय पुरस्कार पांच हजार एक सौ एवं तृतीय पुरस्कार चार हजार एक सौ एवं प्रतियोगिता में भाग लिए सभी टीमों को तीन हजार पांच सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में अतिथियों ने देकर सम्मानित किया।



## नगर में पहली बार गरबा नृत्य, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**सीतापुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में पहली बार हुए रास गरबा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने हिस्सा लिया और देवी जसगीतों पर थिरके। बाहर से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों में नगरवासियों ने जमकर गरबा नृत्य किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने नगर में पहली बार आयोजित रास गरबा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर के युवाओं ने शानदार एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। भविष्य में ऐसे आयोजन होते रहे इसके लिए जो भी सहयोग होगी मैं करूंगा। विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन एक मनोरंजन मात्र नही है बल्कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगो को आस्था से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। नवरात्र में लोग शक्ति की भक्ति में लीन है ऐसे अवसर पर इस तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों में एक नई ऊर्जा और जोश पैदा करता है। इस दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों पर विधायक रामकुमार टोप्पो गरबा नृत्य करते नजर आए। देर रात तक चलने वाला रास गरबा कार्यक्रम भक्तिभाव माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।



## किराना दुकान में बेचा जा रहा था गांजा आरोपी व्यापारी किया गया गिरफ्तार

- 60 हजार रुपए कीमत का 1600 ग्राम गांजा किया गया बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चौकी क्षेत्र के महेशपुर स्थित किराना दुकान में छापा मार कार्यवाही कर दुकान में विक्रय के लिए रखा डेढ़ किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया है,पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक भैयालाल चौधरी उर्फ लउवा पिता बुद्धु राम को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के किराना दुकानों में गांजा विक्रय किए जाने की लगातार उन्हें सूचना प्राप्त हो रही थी,तभी मुखबिर की पुख्ता सूचना पर सोमवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी किराना दुकान संचालक को मौके पर गांजा विक्रय करते पकड़कर उसके कब्जे 60 हजार रुपये कीमत का 1600 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर आज न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, विकास मिश्रा,दिलेश्वर सिंह, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, कुंद लाल, मनोज सिरदार सहित चौकी के स्टॉफ सक्रिय रहे।



## संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का नगर में पथ संचलन, पुष्पवर्षा से जगह-जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश को प्रान्त सह प्रचारक ने बताया गौरवशाली क्षण

हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और हम सब मिलकर संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं।उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव ने शनि मंदिर प्रांगण में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि भारत माता ने संत-महंत वीर-वीरांगना को जन्म दिया जब-जब इस राष्ट्र पर विध्वंसक कारी शक्तियां बढ़ती हैं मां भारती के कोख से कोई ना कोई महापुरुष जन्म लेता है,इस पवित्र धरा पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर विघटन कारी शक्तियों का दमन किया,हम सभी भाषा जीवन पद्धति अलग-अलग प्रांत अलग-अलग समाज के होते हुए भी मां भारती की संतान हैं,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष जिसमें हमारे पूर्वज स्वयंसेवकों ने अपनी आहुतियां दी,बलिदान दिए तब जाकर संघ का यह विशाल बट वृक्ष आज भारत ही नहीं वरन विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक स्वयंसेवी संगठन तैयार हुआ है।सन 1925 में नागपुर से निकलकर संघ विश्व तक पहुंचा है यहां से निकलने वाले अन्य स्वयंसेवक देश के विभिन्न उच्च पदों पर मां भारती की सेवा कर रहे है और उनके मस्तक को ऊंचा कर रहे हैं,उन्होंने उपस्थित स्वयं सेवकों से कहा कि आप सभी संघ के शाखा में नियमित जाएं क्योंकि संघ का शाखा हमें जीवन पद्धति और जीवन जीने की कला सिखाती है,हमें एक रहने का बोध कराती है जब संघ के ऊपर प्रतिबंध लगा,तब लोगों ने सोचा कि संघ समाप्त हो गया लेकिन संघ वैचारिक रूप से और निखर कर समाज के सामने आया संघ हमें जीवन पद्धति सामाजिक रीति नीति परंपरा को आगे बढ़ाने की सीख देता है,संघ की शाखा से निकलने वाले दांतोपत,अटल बिहारी वाजपेई जैसे महान व्यक्तित्व हुए,और आज डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समाजसेवी राजनीतिक ऐसा कोई संगठन नहीं जहां पर संघ का स्वयंसेवक स्थापित न हो, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंझिया समाज के संभागीय प्रमुख बूझन राम ने की और संघ की पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संघ समाज का दर्पण है हमें संघ से प्रेरणा लेना चाहिए,राष्ट्रीय स्वयंसेवक का पथ संचलन चोपड़ा कॉलोनी स्थित मिनी स्टेडियम गणेश मंदिर से आरंभ होकर भटगांव रोड होते हुए बस स्टैंड मुख्य बाजार भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा,और वापस बस स्टैंड होते हुए शनि मंदिर अय्यप्पा प्रांगण में समाप्त हुआ,भारत माता की जय घोष के साथ निकले इस भव्य पथ संचलन का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर पुष्प वर्षा के माध्यम से 25 स्थान पर भव्य स्वागत किया गया,पूर्ण गणवेश के माध्यम से चलने वाले यह अनुशासन बद्ध स्वयंसेवक को देख सबने सराहना की,इस अवसर पर जिला संघ चालक सत्यम गर्ग, विजय शर्मा, संजय भारत, संतोष गुप्ता, राजकिशोर चौधरी, राजेश यादव, सुजीत सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, दीनानाथ सिंह, भगवान मिश्र, कृष्ण गोयल बल्लू, वीरेश सिंह, महेश जैसवाल रामरतन मित्तल, रवि शंकर, विनय सिंह, महेश गुप्ता शंकर यादव, श्यामू साहू, मनी बग्गा, विवेक जायसवाल, विनोद शाह, मुख्य शिक्षक रवि पांडे,ललित गोयल, मयंक अग्रवाल,ठाकुरराम राजवाड़े सहित वरिष्ठ पुराने स्वयं सेवकों में गोपाल सिंह विद्रोही, कुलवंत सिंह,अनिल मिश्रा, चरणसिंह अग्रवाल, अजय गोयल, मथुरा गुप्ता एवं सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित होकर पथ संचलन में शामिल हुए,बाल स्वयंसेवक 7 वर्षीय बालाजी ने भी साढ़े तीन किलोमीटर की भव्य पथ संचलन यात्रा पुरी की जिसे प्रांत से प्रचारक नारायण नामदेव जी ने विशेष रूप से आशीष प्रदान करते हुए प्रतिदिन संघ की शाखा में जाने हेतु प्रेरित किया ।



### जो राष्ट्र के काम न आए वह जीवन है बेकार : देवनारायण

**डांड़गांव।** डांड़गांव के स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने पर बड़ी संख्या में भव्य पथ संचलन किया। नेशनल हाईवे 130 डांड़गांव से गुमगा तक पथ संचलन हुआ और जय घोष के नारों के आसपास के क्षेत्र गुज उठा। इस अवसर पर जिला सह कार्यवाह देवनारायण यादव ने स्वयं सेवकों को संबोधित कर कहा कि आज संघ को देश सेवा के लिए कार्य करते सौ साल पूरे हुए हैं। जो राष्ट्र के लिए अपना अमूल्य समय जीवन न दे सके वह जीवन बेकार है। हर व्यक्ति को अपने राष्ट्र हित के लिए थोड़ा समय जरूर निकलना चाहिए। संघ राष्ट्र प्रेम और अनुशासन सिखाता है। इसके अलावा व्यक्तित्व निर्माण का कार्य करता है। व्यक्ति कैसे एक दूसरे एंव राष्ट्र के सुख दुख में एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम करता है संघ के पहले संघ संचालक केशव बलि राम हेडगेवार ने भगवा ध्वज को गुरु मानक संघ की स्थापना की थी तो आज इस 100 साल में लाखों स्वयं सेवक संघ से जुड़ कर पूरे विश्व में राष्ट्र हित के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सुखराम यादव, गोरे राम, रामनंद शर्मा ,दीपक अग्रवाल, पवन सांधे ,कोमल चन्द जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वंय सेवक मौजूद रहे।

## जगह-जगह विराजी जगत जननी मां दुर्गा...


श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नव युवक संघ सुभाष नगर चरचा में विराजी मां दुर्गा


श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मिलनी क्लब बंगाली समाज


श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हनुमान मंदिर एसईसीएल चरचा आर ओ


जैन मंदिर मनेन्द्रगढ़ चौक में विराजी मां दुर्गा


भगत सिंह चौक मनेन्द्रगढ़ में विराजी मां दुर्गा


सिविल लाइन मनेन्द्रगढ़ में विराजी मां दुर्गा


खेड़िया टाकीज मनेन्द्रगढ़ तिराहा में विराजी माँ भवानी


मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ में विराजमान मां काली


सांई तिराहा मनेन्द्रगढ़ में विराजी मां गौरी

### एसईसीएल समितियों की दशकों पुरानी परंपरा बनी चर्चा का विषय

# नवरात्र में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी**

शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर चरचा क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां अलग-अलग समितियों द्वारा वर्षों से परंपरा के रूप में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सुभाष नगर स्थित नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति लगातार 32 वर्षों से नवरात्र महोत्सव का आयोजन कर रही है। वहीं मिलानी क्लब बंगाली समाज भी पिछले 32 वर्षों से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

चरचा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में एसईसीएल द्वारा पिछले 60 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की जा रही है। यह आयोजन विशेष इसलिए भी है क्योंकि इसमें एसईसीएल के कामगारों की एक दिन की सेलरी से पूजा-अर्चना और भव्य कार्यक्रम संपन्न कराए जाते हैं। क्षेत्र की सबसे पुरानी समितियों में से एक चरचा आरओ दुर्गा पूजा समिति भी अपनी भव्यता और ख्याति के लिए जानी जाती है। सुभाष नगर में प्रतिवर्ष चंदे के सहयोग से एक भव्य पंडाल का निर्माण किया जाता है। सुनहरे रंग से सजा यह पंडाल रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक इलेक्ट्रिक सजावट से जगमगा रहा है। रात में जब लाइटिंग प्रज्जवलित होती है, तो पूरा कॉलोनी क्षेत्र मानो किसी स्वप्नलोक का दृश्य प्रस्तुत करता है। प्रवेश द्वार से लेकर पंडाल तक फूलों के आकार की विशेष लाइटें, रंगीन झालरें और छत पर चमकते सितारे श्रद्धालुओं को एक अनोखा आध्यात्मिक वातावरण प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार सभी पंडालों में महाअष्टमी की धूम देखने को मिली। सुबह से श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में लगे रहे और हजारों श्रद्धालुओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। नवमी के दिन यहां जागराता और गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



ढोल-नगाड़ों की थाप और गरबा गीतों की धुन पर युवक-युवतियां एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक नृत्य कर रही हैं। आसपास के गांवों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। मां दुर्गा के दर्शन और खूबसूरत पंडालों को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। महिलाएं और बच्चे सजधज कर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार, भक्ति गीतों की गूंज और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी नव जागृति दुर्गा पूजन समिति के युवाओं ने संभाली है।

## शांतिपूर्ण कार्यक्रमों के लिए जिला स्तरीय कानून व्यवस्था बैठक




**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।**

जिले में आगामी कार्यक्रमों एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के दौरान उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, इसके अंतर्गत आने-जाने के मार्गों की पूर्व तैयारी, पुलिस बल की समुचित तैनाती, साउंड सिस्टम की सीमा तय करना तथा विवाद की स्थिति से बचने के लिए सतर्कता बरतना अनिवार्य होगा।

### दुर्गा विसर्जन एवं दशहरा पर्व पर विशेष सतर्कता के निर्देश

कलेक्टर ने संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम एवं थाना प्रभारियों को पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी, एएसपी पंकज पटेल, संयुक्त कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश पटेल, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, सभी तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की सिलसिलेवार समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन के लिए दोनों जनपद सीईओ से ग्राम विकास प्लान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वीडीपी कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति का आंकलन किया गया। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण के पुराने मामलों का शीघ्र निपटारा और जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जनदर्शन व सीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में सुनिश्चित हो। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। 18 सितंबर को जनदर्शन में 22 आवेदन प्राप्त हुए, जिसे संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम, एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा सहित विभिन्न जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




## पंचायतों में होगी ग्रामसभा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-6 के प्रावधान तथा शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 24 मार्च 2008 के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 2 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित तिथियों 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त एवं 2 अक्टूबर के अतिरिक्त प्रतिवर्ष जून और नवंबर माह में भी ग्रामसभा आयोजित की जाती है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा ने समय-सीमा की बैठक के दौरान जानकारी दी कि 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ग्राम सभा स्थल पर पोस्टर चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा कार्रवाई में पंचायत की आय-व्यय समीक्षा, योजनाओं की प्रगति, मनरेगा कार्यों की स्थिति, सामाजिक अंकेक्षण, खाद्यान्न वितरण, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, पंचायत कर निर्धारण, आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) स्कोर सहित अनेक विषयों पर चर्चा होगी।



## दिनभर तेज धूप के बाद शाम को जमकर हुई बारिश

**हरिभूमि न्यूज. सोनहत**

दो दिनों तक बारिश से राहत मिलने के बाद 30 सितंबर को क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर तेज धूप और उमस भरे मौसम के बाद शाम ढलते ही आसमान पर बादल छा गए और शाम करीब 5 बजे से जोरदार बारिश शुरू हो गई, जो काफी देर तक रूक-रूक कर जारी रही। बारिश के दौरान तेज गरज और बिजली कड़कने से आमजन में दहशत का माहौल बन गया। साथ ही बारिश के पूरे समय बिजली व्यवस्था भी ठप रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अचानक हुई इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

### गरज-चमक के साथ हुई मूसलाधार वर्षा, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

कई जगहों पर आलू की बुआई और तिलहन फसलों की तैयारी चल रही थी, इस पर पानी फिर गया। किसानों ने बताया कि खंड स्तर पर तिलहन फसल और आलू बोनी पर बारिश का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मौसम के इस अचानक बदले मिजाज से जहां एक ओर तापमान में गिरावट दर्ज की गई, वहीं दूसरी ओर खेती-किसानी पर इसका नकारात्मक असर देखने को मिल रहा है।

## पंजीकृत किसानों से ही होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एडीएम, एसडीएम, तहसीलदारों, कृषि, खाद्य, सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं भौतिक सत्यापन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आगामी 31 अक्टूबर तक किसानों का एग्रीस्टेक एवं एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से की जाएगी। इसके लिए समय बहुत सीमित है, इसलिए सभी अधिकारी पंजीकरण कार्य को गंभीरता से लें और निर्धारित समय-सीमा में इसे हर हाल में पूरा कराएं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने भौतिक सत्यापन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पटवारी एवं ग्राम सचिव की मदद से गांवों में जाकर किसानों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें तथा की गई कार्रवाई की नियमित जानकारी भी दें। बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नामांतरण कार्यों में तेजी लाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। साथ ही किसानों के हित में पंजीकरण कार्य की समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें।

## डॉ. प्रिंस एमबीए-सीएसआर के लिए चयनित

**हरिभूमि न्यूज. बचरापोड़ी।**

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च जयपुर में मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी एंड एनवायरमेंटल सोशल एंड गवर्नेंस पोस्ट ग्रेजुएट स्पेशलाइज्ड बिजनेस डिग्री के लिए डॉ. प्रिंस जायसवाल का चयन हुआ है। बताया जा रहा है कि पीजी कोर्स भारत देश के चुनिंदा सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय में संचालित है। एमबीए सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के लिए चयन एक बहु-चरणीय प्रक्रिया है। इसमें सामान्यतः स्नातक की डिग्री में अच्छे अंक, कार्य अनुभव और व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से उम्मीदवार के शैक्षणिक प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार का मूल्यांकन शामिल होता है। अंतिम चयन शैक्षणिक उपलब्धियों और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता।



आ ई आ ई ए च ए म आ र यूनिवर्सिटी भारत देश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय में से एक है। इस विश्वविद्यालय में एमबीए सीएसआर एंड ईएसजी के लिए केवल 30 सीट स्वीकृत है। डॉ. प्रिंस के द्वारा पूर्व से ही एमबीए इन हेल्थ केयर सर्विस मैनेजमेंट की पढ़ाई उपरांत स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला कोरिया राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला सलाहकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला एमसीबी के पहले जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सूरजपुर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक का दायित्वों का निर्वाह किया। डॉ. जायसवाल ने छग राज्य अंतर्गत स्वास्थ्य एवं शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सरगुजा संभाग अंतर्गत जिला कोरिया में न्यू लाइफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी का स्थापना 2011 में किया, इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग का 2015 से संचालन किया जा रहा है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 2014 में डॉ. प्रिंस जायसवाल का चयन अन्य राज्य स्तरीय बडे पदों पर होने के बावजूद भी अपने जिले एवं क्षेत्र के लगाव एवं क्षेत्र के वास्तविक विकास के लिए कोरिया जिले में ही कार्य करने के लिए प्रस्ताव रखा था, जिसे स्वीकार करते हुए डॉ. प्रिंस की पदस्थापना कोरिया जिले में की गई थी।

### हरिभूमि

**पाठकों के लिए माह सितम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर



30 Sep- Coriya-Bhoomi pg-4_Layout 1 9/30/2025 8:54 PM Page 1



